भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 666**

दिनांक 29.04.2015/9 वैशाख, 1937 (शक) को उत्तर के लिए

**नक्सल-प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सैन्यकर्मियों की मौत**

**666. श्री अम्बेथ राजन:**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सत्य है कि नक्सल-प्रभावित क्षेत्रों में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सैन्यकर्मियों की मौत से संबंधित मामलों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है; और
(ख) यदि हां, तो पिछले वर्ष के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलस बल के उन सैन्यकर्मियों का ब्यौरा क्या है, जिनकी मौत नक्सलियों के सफाए के लिए चलाए गए सैन्य अभियानों के दौरान हुई?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (**श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी**)

**(क) और (ख): वामपंथी उग्रवाद-रोधी अभियानों में शामिल केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों की मौत से संबंधित मामलों की संख्या में वृद्धि नहीं देखी गई है। विगत पांच वर्षों के दौरान वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों मे तैनात केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों की मौत की संख्या में समग्र रूप से कमी आई है, जो निम्नानुसार है:-**

| **वर्ष** | **शहीद हुए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कार्मिको की संख्या** |
|---|---|
| **2010** | **132** |
| **2011** | **26** |
| **2012** | **37** |
| **2013** | **20** |
| **2014** | **50** |
| **2015 (20.04.2015 की स्थिति के अनुसार)** | **02** |

**वर्ष 2014 में हुई 50 मौतों में से, 26 मौतें केवल संसदीय आम चुनावों के दौरान हुई थी।**

*********